हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 27 अक्टूबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 23. 0 डिग्री

दूसरे दिन हुई खरना पूजा, डूबते सूरज को आज देंगे पहला अर्घ्य
2



## खबर संक्षेप

### सम्मेलन आयोजित कर सड़क सुरक्षा मितानों को किया जागरूक

**जांजगीर-चांपा।** सड़क हादसों में कमी लाने और हादसों का शिकार लोगों को तत्कालिक उपचार के लिए पुलिस ने सड़क सुरक्षा मितान बनाए है। सडक सुरक्षा मितानों को जागरूक करने जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्रांतर्गत गांवों के सड़क सुरक्षा मितानो का सम्मेलन आयोजित किया गया। अलग अलग जगहों से लगभग 1500 लोग जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसको आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही सम्मेलन के दौरान लोगों को शराब के नशे में वाहन न चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने, हेलमेड पहन कर मोटर सायकल चलाने, मोटर सायकल में ट्रिपल सवारी न करने, माल वाहक वाहन, ट्रैक्टर, पिकअप या अन्य माल वाहक वाहन में सवारी न बैठाने, रात्रि यात्रा में विशेष सतर्कता बरतने, नींद या नशे की स्थिति में वाहन चलाने, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने, नाबलिकों को वाहन नहीं चलाने देने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की जानकारी दी गई।

### स्थापना दिवस पर सभी भवनों में रोशनी करने के निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में 2 नवंबर से 4 नवंबर तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की उपलब्धियों, योजनाओं एवं परियोजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही, स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएँ, जिनमें छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की झलक दिखाई दे। उन्होंने 1 से 5 नवंबर तक सभी जिला मुख्यालयों के शासकीय भवनों पर रोशनी करने के निर्देश दिए।

### शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस को स्थानीय अवकाश

**जांजगीर-चांपा।** शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस 10 दिसम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2025 के लिए समस्त शासकीय कार्यालयों के लिए पूर्व में जारी सार्वजनिक अवकाश आदेश में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित आदेशानुसार दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) को घोषित स्थानीय अवकाश को संशोधित करते हुए शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस 10 दिसम्बर बुधवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करते हुए आरोपी गोलू पाण्डेय के कब्जे से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया है। जब्त शराब की कीमत 14 सौ रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से विधिवत कार्यवाही कर थाना पामगढ़ में धारा 34(2)आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़ सहित स्टाफ का योगदान रहा।

### ठंड की दस्तक के साथ निकलने लगे गर्म कपड़े

**जांजगीर-चांपा।** ठंड की दस्तक हो चुकी है। रात में अब ठंडक का एहसास होने लगा है। वहीं अलसुबह भी ठंड लगने लगी है। इसके साथ ही अब घरों में गर्म कपडे निकलने लगे है। ठंड से बचाव के लिए शाल, स्वेटर, जैकेट व कंबल का अब घरों में उपयोग होने लगा है। देर रात बाहर निकलने वाले लोग गर्म कपडे पहनने लगे है।

---

### डेंजर जोन में जरा सी चूक से जाती है जान, व्यवस्था बनाने में पुलिस व प्रशासन नाकाम

# देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट पर नहीं सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले का पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली डेंजर स्पॉट बन चुका है। जरा सी चूक यहां जानलेवा साबित हो रही है। पिछले कुछ सालों में यहां दर्जन भर से अधिक पर्यटकों की नदी में डूबने से मौत हो चुकी है। अब फिर से पिकनिक का सीजन शुरू हों गया है, लेकिन इस स्थान पर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के कोई इंतजाम अब तक नहीं किए हैं।

पंतोरा क्षेत्र में प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली है। यहां की सुंदरता पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। पिछले कुछ सालों में यह तेजी से पिकनिक स्पॉट के रूप में उभरा है। वैसे तो हर मौसम में लोग यहां नदी और प्राकृतिक सौन्दर्य का आनंद लेने पहुंचते हैं, लेकिन ठंड का मौसम शुरू होते ही लोगों की भीड़ बढ़ने लगती है। वन भोज करने हर वर्ग के लोग देवरी चिचोली आते हैं। जांजगीर चाम्पा जिले के आलावा बिलासपुर और कोरबा जिले से भी लोग यहां पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। अब ठंड का मौसम आते ही वन भोज के लिए यहां अलग अलग स्थानों से पर्यटक पहुंचेगे। पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली अपने प्राकृतिक सौंदर्य के साथ ही पिछले कुछ सालों में जानलेवा हादसों के लिए प्रसिद्ध होता जा रहा है। यहां अक्सर पिकनिक मनाने आने वालों के नदी में डूबने के हादसे होते रहते हैं। इस स्थान पर 14 जुलाई 2024 को सरकंडा बिलासपुर का शुभम यादव नदी में बह गया था, उसकी लाश अगले दिन मिली। इसी तरह 20 अक्टूबर 2024 को अकलतरा क्षेत्र का कापन निवासी सूरज पटेल और खुशेन्द्र बरेठ नदी में नहाते समय बह गए थे। वहीं 27 दिसंबर 2024 को दीपका से पिकनिक मनाने आए 24 वर्षीय अश्वनी सिंह और 19 वर्षीय सुमित सिंह की भी नदी में डूबकर मौत हो गई थी। इसके आलावा 1 मार्च 2025 को बनारी निवासी सप्रग्य पाण्डेय की नदी में डूबने से जान चली गई। वहीं 4 अक्टूबर 2025 को बिलासपुर निवासी 30 वर्षीय स्वर्ण रेखा ठाकुर,28 वर्षीय अंकुर कुशवाहा और 26 वर्षीय आशीष भोई की नदी में डूबकर मौत हों गई।दरअसल देवरी में नदी कई जगह पर सपाट है तो कई जगह पर काफी गहराई है। ऐसे में बाहर से आने वालों को इसका अंदाजा नहीं लग पाता और जरा सी चूक होते ही जान चली जाती है। यही वजह है कि पुलिस प्रशासन ने कुछ साल पहले यहां पर सावधानी का बोर्ड लगाया था। साथ ही गहराई वाले क्षेत्र में लाल झंडा भी लगाया गया था। समय के साथ सावधानी के सूचना बोर्ड और लाल झंडे गायब हो चुके हैं। बरसात में नदी की तेज धार में सूचना का पोस्टर और लाल झंडा बह गया है। अब फिर से पिकनिक का सीजन शुरू हो चुका है, लेकिन वन विभाग, पुलिस और जिला प्रशासन ने अभी तक सुरक्षा के इंतजाम को लेकर कोई पहल नहीं की है।



चट्टानों के बीच से गुजरी हसदेव नदी बनी जानलेवा।

#### जारी करेगें निर्देश

देवरी चिचोली पिकनीक स्पाट पर हादसे को लेकर जानकारी मिलती रहती है। ठंड के दिनो में स्पाट पर पिकनीक के दौरान लोगो पर कडी नजर रखने के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित थाना को निर्देशित किया जाएगा।

**-उमेश कश्यप,**
एएसपी, जांजगीर चांपा

#### बनाई जाएगी व्यवस्था

पहरिया क्षेत्र के देवरी चिचोली पिकनीक स्थल पर हादसो को लेकर जानकारी सामने आ चुकी है। इस मामले को लेकर आसपास स्थल पर आवश्यक व्यवस्था बनाने कहा जाएगा।

**-ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर,**
अपर कलेक्टर
जांजगीर चांपा

---

# डेढ़ लाख महिलाओ को गैस कनेक्शन देने की चल रही तैयारी

### बंद पोर्टल को जल्द किया जाएगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के निर्धारित पात्रता रखने वाली करीब 1 लाख 55 हजार से भी अधिक गरीब महिलाओ को निशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। इसके लिए 2024 से बंद पोर्टल जल्द प्रारंभ होगा। वही खाद्य शाखा विभाग के द्वारा इसके लिए प्रारंभिक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत पात्रता रखने वाली गरीब वर्ग की महिलाओ को नि शुल्क गैस कनेक्शन वितरण किया जाना है। मार्च 2024 से बंद किए गए पीएम उज्वला योजना के पोर्टल को प्रारंभ किया जाएगा। वही 1 लाख 55 हजार से भी अधिक गरीब वर्ग की महिलाओ को निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण को लेकर खाद्य विभाग के द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। योजना के तहत ग्रामिण क्षेत्रो की गरीब एवं निर्धारित पात्रता रखने वाली महिलाओ को योजना के तहत लाभ दिया जाना है। पूर्व में भी जांजगीर चाम्पा जिले की करीब 2 लाख 15 हजार से भी अधिक गरीब महिलाओ को पात्रता के अनुसार निशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया जा चुका है। ऐसे में जिले के करीब 3 लाख 70 हजार से भी अधिक महिलाओ को योजना के तहत लाभान्वित करने का टारगेट मिला है। जिसमें 2 लाख 15 हजार को नि शुल्क गैस कनेक्शन मिल चुका है। वही अब 1 लाख 55 हजार महिलाओ को कनेक्शन देने की तैयारी की जा रही है।

#### इन दस्तावेजो का होना जरूरी

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत योजना का लाभ लेने वाली महिलाओ के पास आधार कार्ड ,बैंक खाता,ईकेवायसी, राशन कार्ड, निवास प्रमाण , पासपोर्ट साइज फोटो सहीत अन्य तरह का दस्तावेज रखना एवं उसे आवेदन मे सब्मीट करना जरूरी है। साथ ही साथ आवेदन आनलाइन माध्यम से च्वाइस सेंटर या फिर नजदीके के संबंधित गैस एजेंसियो में आनलाइन जमा करना होगा। वही निर्धारित मापदंड एवं पात्रता रखने वाली गरीब वर्ग की महिलाओ को योजना का लाभ दिया जाना है।

#### लिया जाएगा आवेदन

पीएम उज्वला योजना के तहत पात्रता रखने वाली गरीब वर्ग की महिलाओ से आनलाइन आवेदन गैस एजेंसी एवं च्वाइस सेंटर के माध्यम से लिए जाएगें। पोर्टल प्रारंभ होते ही प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

**-कौशल साहू,**
जिला खाद्य अधिकारी, जांजगीर चाम्पा

---

# शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर रस्सी से गला घोंटकर युवक की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम जमगहन का है।

इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जमगहन में मुक्तिधाम के पास 23 अक्टूबर को एक युवक की लाश मिली थी। मृतक की पहचान ग्राम दलालपाली निवासी 45 वर्षीय छोटूराम यादव के रूप में की गई। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने पर पुलिस ने गहनता से जांच शुरू की। इधर शव को पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस ने हत्या की आशंका पर मृतक के परिजनों व गांव के अन्य लोगों से पूछताछ की। साथ ही शंका के आधार पर ग्राम दलाल पाली के ही 34 वर्षीय धरमु अजगल्ले और 37 वर्षीय विनोद अजगल्ले को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जांच में सायबर टीम की भी मदद ली गई। मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर धरमु और विनोद ने छोटूराम यादव की हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने छोटूराम यादव से शराब पीने के लिए पैसे की मांग की थी। छोटूराम ने पैसे देने से इंकार कर दिया। इससे तैश में आकर उसकी जमकर पिटाई कर दी और रस्सी से गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद लाश जमगहन के मुक्तिधाम के पास फेंककर दोनों भाग निकले। पुलिस ने ग्राम दलालपाली निवासी 34 वर्षीय धरमु अजगल्ले पिता ठाकुराम अजगल्ले और 37 वर्षीय विनोद अजगल्ले पिता पालूराम अजगल्ले को धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर 26 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रवीण राजपूत, उप निरीक्षक अनवर अली, सहायक उप निरीक्षक नाजिर हुसैन, संतोष तिवारी, चौकी प्रभारी फ़ग्गूराम, प्रधान आरक्षक दामोदर जायसवाल, कृष्णा तिवारी, आरक्षक सेतराम पटेल, साइबर टीम एवं थाना स्टॉफ का योगदान रहा।



गिरफ्तार आरोपी।

---

## यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने 26 अक्टूबर को कार्रवाई की। बुलेट वाहन में प्रेशर हार्न व मोडिफाई साइलेंसर लगाकर एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर पुलिस ने कार्रवाई की। एक ही दिवस में जांजगीर टाउन में 7 बुलेट वाहन में मोडिफाई साइलेंसर लगाकर चलाने वाले को पकड़ा जिससे मौके पर ही मोडिफाई साइलेंसर निकलवाया जाकर समझाइश दिया गया। इसके अतिरिक्त 4 शराबी वाहन चालकों को भी पकड़ा जिसके वाहनों को जप्त कर चालकों के विरूद्ध धारा 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। वाहनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मोटर सायकल में ट्रिपल सवारी व तेज गति में वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई की गई।

---

# रमन नगर में सजी थी पटवारियों के जुए की महफिल, पकड़े गए 8 जुआरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के रमन नगर में पटवारियों के जुए की महफिल सजी थी। कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात छापामार कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से 40 हजार रुपए नगदी समेत दो कार और दो स्कूटी बरामद की गई है।

जांजगीर के रमन नगर स्थित एक मकान में लंबे समय से जुआ चलने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। पुख्ता सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने शनिवार 25 अक्टूबर की रात मौके पर दबिश दी। इस दौरान राजस्व पटवारी संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सहित 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़े गए जुआरियों में राजस्व पटवारी संघ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिष कुमार सार्वे, हेमचंद तिवारी, रवि राठौर, उमेश कुमार पटेल, गोविंद कांवर, राहुल प्रताप सिंह, देवेश अंबष्ट और पटवारी का निजी ऑपरेटर हरीश सिंह शामिल है। पुलिस ने फड़ से नकद 40,200 रुपए, 52 पत्ती ताश, 6 मोबाइल, 2 कार, 2 स्कूटी सहित लगभग 20 लाख रुपए का माल जब्त किया है। कोतवाली पुलिस ने जुए पर कार्रवाई तो की, लेकिन बाद में इसे छिपाने का प्रयास भी किया गया। छोटी सी छोटी कार्रवाई की गज भर की प्रेस विज्ञप्ति पुलिस द्वारा जारी की जाती है, लेकिन रमन नगर में पकड़े गए जुए की जानकारी मीडिया से साझा नहीं की गई। कार्रवाई शनिवार की रात में हुई, लेकिन रविवार तक मीडिया पुलिस ग्रुप में इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। इसे लेकर भी कई तरह की चर्चा हो रही है।



मौके से पकड़े गए जुआरी।

#### कलेक्टर ने पटवारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के दिए निर्देश

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने पटवारियों के जुआ खेलते पकड़े जाने के मामले को गंभीरता से लिया है। कलेक्टर ने पुलिस जांच में पटवारियों के विरुद्ध जुआ खेलने की गतिविधि में शामिल पाए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर सभी संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया है कि उक्त पटवारियों के विरुद्ध पुलिस जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत तत्काल कार्यवाही की जाए।

---

## धारदार हथियार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**चांपा।** धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनी का है। इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 26 अक्टूबर को ग्राम सिवनी के अटल चौक बूढ़ी मंदिर के पास एक व्यक्ति धारदार फरसा को लहरा रहा है और आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। अधिकारियों द्वारा तत्काल आरोपी को पकड़कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश प्राप्त हुए। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में तत्काल एक टीम मौके की ओर रवाना किया गया टीम के द्वारा ग्राम सिवनी अटल चौक के पास एक व्यक्ति को पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम अंकुर राठौर निवासी ग्राम सिवनी बताया जिसके कब्जे से एक धारदार फरसा जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध 25,27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही किया गया एवं आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्वाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चापा, प्रधान आरक्षक पुष्पा साहू , आरक्षक वीरेश सिंह, शंकर राजपूत का विशेष योगदान रहा।



---

### जिला टास्क फोर्स

# रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करते 25 ट्रैक्टर, 2 हाइवा और 4 जेसीबी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध कारोबार पर नकेल कसने जिला टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई की।जिलेभर में एक साथ अभियान चलाकर अवैध उत्खनन व परिवहन करते 31 वाहन जब्त किए गए। अभियान के दौरान अलग अलग स्थानों से 25 ट्रैक्टर,2 हाइवा और 4 जेसीबी को जब्त किया गया।


जिला खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि 25 एवं 26 अक्टूबर को खनिज विभाग के साथ राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले के बम्हनीडीह, खपरीडीह, चांपा, देवरहा, जांजगीर, केराकछार, पंतोरा क्षेत्र में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु खनिज परिवहन करने वाले वाहनों एवं रेत घाट क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दिनांक 26 अक्टूबर को बम्हनीडीह क्षेत्र से खनिज रेत के अवैध उत्खनन कार्य में संलिप्त 1 जेसीबी तथा अवैध परिवहन करते 2 हाइवा व 1 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना बम्हनीडीह के सुरक्षार्थ रखा गया। इसके अतिरिक्त 1 जेसीबी नदी में खराब हो जाने के कारण स्थानीय नागरिक को सुपुर्द किया गया।चांपा क्षेत्र से खनिज रेत के अवैध परिवहन करते 7 ट्रैक्टर को जप्त कर पुलिस थाना चांपा के अभिरक्षा में रखा गया। ग्राम देवराहा हसदेव नदी क्षेत्र से मध्यरात्रि में अवैध उत्खनन में प्रयुक्त 1 जेसीबी तथा 2 ट्रैक्टर को वाहन चालक द्वारा मौके पर छोड़ कर फरार होने के कारण लावारिस हालत में जप्त कर सील किया गया, जिसे थाना जांजगीर-चांपा के सुरक्षार्थ रखा गया। इसके अतिरिक्त 25 अक्टूबर को खपरीडीह क्षेत्र से अवैध परिवहन करते 6 ट्रैक्टर तथा केराकछार हसदेव नदी क्षेत्र से 6 ट्रैक्टर, शिवरीनारायण क्षेत्र से रेत के अवैध उत्खनन परिवहन कार्य में संलिप्त 1 जेसीबी तथा 3 ट्रैक्टर को जप्त किया गया।



जब्त किए गए वाहन।

#### चालकों का निरस्त होगा लाइसेंस

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि अवैध खनन गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में खनिज संसाधनों के संरक्षण हेतु ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेंगी। जिला परिवहन अधिकारी को जब्त वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने संबंधी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही भविष्य में पुनरावृत्ति पाए जाने पर न्यायालय के समक्ष परिवाद दायर कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### ग्रामीण क्षेत्रों से आने वालों के लिए बस सुविधा का दिया गया सुझाव

**कोरबा।** राज्य की रजत जयंती स्थापना वर्ष पर जिले में राज्योत्सव कार्यक्रम 2 से 4 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। राज्योत्सव की तैयारी के बीच जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेने बैठक आयोजित की गई। दूर-दराज ग्रामों से आने वाले लोगों के लिए बस सुविधा का सुझाव दिया गया हैं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति और लोककला को विशेष रूप से शामिल किया जाए, ताकि स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिल सके और उनकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की स्टॉल, फूड जोन का भी प्रस्ताव दिया। राज्य व राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमंत्रित करने, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला और मेला लगाने, आकर्षक स्टॉल स्थापित करने व पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर भी चर्चा हुई। जिला प्रशासन ने सभी विभागों को समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि राज्य उत्सव में पहुंचे लोगों को एक मनमोहक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अनुभव मिल सके। बैठक में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी दिनेश कुमार नाग, निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, गोपाल मोदी, राजेन्द्र जायसवाल उपस्थित थे।

### खम्हरिया के भाठापारा में विधायक ने सीसी रोड का किया भूमिपूजन



**हरदीबाजार।** पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया के भाठापारा में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा विधायक निधि एवं जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि यह कच्ची सड़क ग्राम वासियों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसका भूमिपूजन कर साकार रूप दिया गया अब लोगों को आने जाने के लिए सुलभ होगा। कार्यक्रम में शासन के योजनाओं के बारे मे भी लोगों को जानकारी दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, अध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम रघुराज सिंह, जनपद सदस्य कमलेश कुर्रे, सरपंच श्रीमती अनिता भारती, मनहरण सोनी, द्वारिका भारद्वाज, गजेंद्र कुमार, परमेश्वर काठले सहित गांव के नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे ग्रामीण छात्रों को मिलेगा हर सहयोग : राठिया



**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए यह गर्व का विषय है कि राठिया समाज के युवा अब उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। ग्राम एलांग के मनीष राठिया अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं, वहीं ग्राम बांधापाली के मुकेश कुमार राठिया राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। रामपुर विधानसभा के विधायक फूल सिंह राठिया ने दोनों प्रतिभाशाली छात्रों को बधाई देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की कुंजी है। मैं क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों से अपील करता हूं कि अपने बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करें, ताकि वे समाज और क्षेत्र के विकास में योगदान दे सकें। विधायक फूल सिंह राठिया ने दोनों विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं और कहा कि उनकी सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी।

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ड्राइवर महासंघ ने खोला मोर्चा

# छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ का स्टेयरिंग छोड़ो चक्काजाम आंदोलन हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शनिवार से स्टेयरिंग छोड़ो चक्काजाम आंदोलन का ऐलान किया था। जिसके तहत जिले के ट्रक चालकों ने भी कामबंद हड़ताल शुरू कर दिया। चालकों के हड़ताल पर जाने से

**खास बात**

- ट्रकों व बसों के पहिए थमने से यातायात व्यवस्था हुई बाधित

अधिकतर वाहनों के पहिए थमे रहे। वहीं दूसरी ओर ट्रक महासंघ के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा बसों को रोके जाने से यातायात व्यवस्था बाधित हुई। पाली, दीपका सहित अन्य क्षेत्रों में बसों को रोके जाने से जाम की स्थिति बनी रही।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर स्टेयरिंग छोडो चक्काजाम आंदोलन शुरू कर दिया है। महासंघ ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी और प्रदेशभर में कोई भी यात्री या मालवाहक वाहन सड़कों पर नहीं उतरेगी। जिले में भी ड्राइवर महासंघ संगठन के सदस्यों ने अन्य शहरों कस्बों में पहले चक्काजाम करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की समझाइश के बाद वे सड़क किनारे धरना देने लगे। ड्राइवरों की मुख्य मांगों में प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी लागू करने, ड्राइवर आयोग और ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड के गठन, कमर्शियल लाइसेंस पर बीमा की व्यवस्था, दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये और अपंगता की स्थिति में 5 लाख रुपये की सहायता राशि देने की मांग शामिल है। इसके अलावा चालक हेल्थ कार्ड, 55 वर्ष की आयु पूरी होने पर पेंशन, ड्राइवरों के बच्चों को शिक्षा और नौकरी में आरक्षण, राज्य के सभी जिलों में ड्राइवर स्मारक निर्माण और ड्राइवरों के साथ मारपीट या लूट की घटना पर पांच वर्ष तक के कठोर दंड का प्रावधान करने जैसी मांगें भी रखी गई हैं।



आंदोलन में शामिल चालक।

**बसों को रोके जाने से बनीं जाम की स्थिति**

ड्राइवर महासंघ के आंदोलन का असर जिले में भी देखने को मिला। महासंघ के सदस्यों ने पाली रोड व दीपका रोड में चलने वाली यात्री बसों को भी रोकने का प्रयास किया। हालांकि जिले के बस चालकों ने इस आंदोलन से दूरी बनायी हुई है। कोई भी यात्री बस का चालक आंदोलन में शामिल नहीं है। हालांकि ड्राइवर महासंघ द्वारा बसों को रोके जाने से कुछ स्थानों पर यातायात व्यवस्था बाधित रही। बसों के पहिए थमने से मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। वहीं बसों में सवार यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

**लगभग 60 हजार ड्राइवरों का हड़ताल को समर्थन**

ड्राइवरों का कहना है कि लंबे समय मांग पत्र सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण मजबूर होकर उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा है। अब उनकी मांगे पूरी नहीं होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। ड्राइवर महासंघ ने दावा किया है कि प्रदेश भर में करीब 50 से 60 हजार ड्राइवर संगठन से जुड़े हुए हैं और सभी ने एकजुट होकर इस हड़ताल का समर्थन किया है।

# गजराज बने अन्न उत्पादकों के लिए परेशानी का सबब



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में बड़ी संख्या में सक्रिय गजराज अन्न उत्पादकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। गजराजों का झुंड अन्न उत्पादकों के क्षेत्र में पहुंचकर वहां तैयार धान की फसल को रौंदकर खलिहान में पहुंचने से पहले ही मटियामेट कर दे रहे हैं। जिससे अन्न उत्पादक काफी परेशान हैं। उनके द्वारा फसल की सुरक्षा की गुहार लगातार लगाई जा रही है लेकिन वन विभाग गजराजों से फसल को बचाने में नाकाम हो रहा है। जिससे परेशानी और भी बढ़ जा रही है। जानकारी के अनुसार कटघोरा वनमंडल के पचरा, पाली तथा मोरगा क्षेत्र में 54 की संख्या में गजराज घूम रहे हैं। जिनमें से 11 का झुंड कोरबी क्षेत्र में धान फसल को रौंदने के बाद पाली का रूख कर लिया। जबकि पचरा क्षेत्र में मौजूद गजराजों का उत्पात जारी है। इधर कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में 52 हाथी बड़मार व रामपुर सर्किल में लगातार उत्पात मचा रहे हैं लेकिन इनमें से रामपुर क्षेत्र में सक्रिय 20 गजराजों ने बीती रात छाल रेंज का रूख कर लिया। हाथियों के इस झुंड को यहां के जंगल में शनिवार की सुबह विचरण करते हुए देखा गया, जबकि 32 हाथी बड़मार सर्किल में मौजूद है। हाथियों के इस झुंड ने जमकर उत्पात मचाते हुए पीडिय़ा, बोतली, कोटमेर व अन्य गांवों में 15 से अधिक ग्रामीणों की फसल को तहस-नहस कर दिया।

**खास बात**

- बड़मार व रामपुर सर्किल में दर्जन भर से अधिक ग्रामीणों की फसल चौपट

# एससीसी कंपनी के चालकों ने कोरबा जीएम कार्यालय में किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर कोयला खदान में कार्यरत एससीसी कंपनी के वाहन चालकों व ऑपरेटरों ने अपनी मांगों को लेकर कोरबा जीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से मांग रखने के बावजूद कंपनी प्रबंधन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा है। इससे आक्रोशित होकर उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन शुरू किया है।

ठेका श्रमिकों ने बताया कि पिछले कई महीनों से वेतन में अनियमितता बरती जा रही है। समय पर भुगतान नहीं होने से मजदूरों को परिवार का खर्च चलाने में परेशानी हो रही है। इसके साथ ही ओवरटाइम का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। वाहन चालकों का कहना है कि खदान में प्रतिदिन 12 घंटे तक काम कराने के बावजूद मजदूरों को सिर्फ 8 घंटे की मजदूरी दी जाती है। इसके अलावा श्रमिक सुरक्षा के साधन जैसे हेलमेट, दस्ताने और जूते भी समय पर उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। धरना स्थल पर मजदूरों ने कहा कि वेतन, ओवरटाइम, बोनस और सुरक्षा मानकों को लेकर कई बार प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार इस संबंध में एसईसीएल प्रशासन और कंपनी प्रबंधन के बीच वार्ता की संभावना जताई जा रही है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं ताकि स्थिति नियंत्रण में बनी रहे। धरने में बड़ी संख्या में ड्राइवर, हेल्पर और अन्य मजदूर शामिल हुए हैं। मजदूर संगठनों ने भी इस आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की है और कहा है कि जब तक उनकी जायज मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

**खास बात**

- एचपीसी दर पर वेतन भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर खोला मोर्चा




धरना प्रदर्शन में शामिल कंपनी के चालक।

## रेसिंग करना पड़ा महंगा, रेस्टोरेंट की दीवार से टकराई कार

**कोरबा।** ओपन थिएटर घंटाघर मार्ग पर पिछली रात हुए हादसे में दो युवक घायल हो गए। उनकी स्वीफ्ट कार घंटाघर मोड़ पर गोल चक्कर लगाने के बाद रेस्टोरेंट की दीवार से जा टकराई और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। नशे के चक्कर में दूसरी गाड़ी से रेसिंग करना महंगा पड़ा। पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि शनिवार की सुबह कार मौके से नदारद मिली।

शुक्रवार की देर रात यह घटना हुई। सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत हुए इस हादसे के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिलासपुर पासिंग स्वीफ्ट कार में दो युवक सवार थे, दोनों ही असामान्य स्थिति में थे। वे इसी रास्ते से जा रहे एक अन्य गाड़ी से स्पर्धा कर रहे थे। इसके क्या नतीजे होंगे, इस बारे में शायद उन्हें अनुमान नहीं था। पहले से ही गड्ढों की उपस्थिति सडक़ पर है और घंटाघर के ठीक सामने टर्निंग भी। ऐसे में कई मौके पर घटनाएं तब हो चुकी है जब चालकों का ठीकठाक नियंत्रण स्टेयरिंग पर नहीं रहा। जबकि मानसिक चेतना का स्तर बेहतर न होने से भी समस्याएं उत्पन्न होती है। खबर के अनुसार पिछली रात हुए हादसे को लेकर हुई कुछ यही कारण प्रभावी बताया गया।

# घर के आंगन में रखे टमाटर की चोरी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एक टमाटर व्यापारी के घर चोरी हुई है। चोरों ने घर के आंगन में रखे टमाटर के कैरेट और गाड़ी से पेट्रोल चुरा लिया। यह पूरी वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र के गायत्री नगर मानिकपुर बस्ती का है।

पीड़ित व्यापारी के मुताबिक 2 युवक उनके घर में चोरी करने घुसे थे। जिन्होंने 1 कैरेट टमाटर चुराया, जिसकी कीमत 800 रुपए है। गाड़ी से पेट्रोल भी निकालकर ले गए। वहीं थैली में रखा 800 रुपए नगद भी चुराए। इनमें एक युवक नकाब पहना हुआ था। फिलहाल दोनों की तलाश पुलिस कर रही है। पीड़ित व्यापारी शंभू टंडन, जो गायत्री नगर मानिकपुर के निवासी हैं, शहर के आसपास के बाजारों में सब्जी का व्यापार करते हैं। उन्होंने मंडी से टमाटर के कैरेट लाकर घर पर रखे थे ताकि उन्हें बाजार में बेचा जा सके। सुबह जब उन्होंने कैरेट गिने, तो एक कैरेट कम पाया। साथ ही, उनकी गाड़ी से पेट्रोल भी चोरी हो गया था। चोरी का पता चलने पर शंभू टंडन ने अपने घर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में दो युवक चोरी करते हुए दिखाई दिए। इनमें से एक युवक नकाबपोश था, जबकि दूसरे का चेहरा खुला हुआ था। वे बेखौफ होकर आराम से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे।



चोरी करता युवक।

### ट्रांसपोर्टर को दी जान से मारने की धमकी, अपराध दर्ज

**कोरबा।** निहारिका फेस 1 दशहरा मैदान में निवासरत ट्रांसपोर्टर आयुष कुमार अपने ट्रेलर में बैटरी लगवा रहा था। इसी दौरान 22 अक्टूबर की रात 12 बजे से 1 बजे के बीच दो लोग मौके पर पहुंचे और आयुष को बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपियों ने आयुष के पास से नकदी रकम की लूट की और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में बंदूक दिखाकर रकम लूटने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।शिकायतकर्ता आयुष कुमार सिंह ट्रांसपोटिंग का काम करता है। 22 अक्टूबर की रात वह अपने ट्रेलर में बैटरी लगवा रहा था। इसी दौरान अंचल अग्रवाल उर्फ जीनी और उसका साथी दीपक शर्मा मौके पर पहुंचे। जिसके बाद दोनों ने गाली-गलौज करते हुए आयुष के सीने पर बंदूक तान दी और जान से मारने की धमकी दी।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओ का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी., ई.ई.जी., स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थैमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


### विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में गूंजा स्वदेशी संकल्प का संदेश

# हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी बना संकल्पः अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हम सभी आज स्वदेशी संकल्प के लिए एकत्रित हुए हैं। यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। स्वदेशी अपनाना हमारे कारीगरों, किसानों, छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के प्रति सम्मान है। जब हम स्वदेशी वस्तुओं को अपना रहे होते हैं, तब हम देश की मिट्टी, मेहनतकश हाथों और आत्मनिर्भरता के सपने को सशक्त बना रहे होते हैं।

उक्त बातें पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कोरबा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का जो विराट संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है, उसी दिशा में आत्मनिर्भर भारत अभियान निरंतर मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार कोरबा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने जनसमूह को संबोधित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया, जिला प्रभारी गोपाल साहू, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, महामंत्री युवा मोर्चा नरेंद्र देवांगन सहित अनेक वरिष्ठ जनों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय आज पूरी दुनिया भारतीय योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प और पारंपरिक उद्योगों को सम्मान दे रही है। इतिहास गवाह है कि स्वदेशी आंदोलन ने स्वतंत्रता संग्राम को गति दी। खादी आत्मसम्मान का प्रतीक बनी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी के पथ पर आगे बढ़ रहा है। यह हमारी मातृभूमि के प्रति प्रेम का उत्सव है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हर घर में स्वदेशी की अलख जगाएं।





सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल।

**उपस्थित जनसमूह ने लिया सामूहिक संकल्प**

सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का आवाज बुलंद किया और इस संदेश को गली-गली, गाँव-गाँव तक पहुंचाने का प्रण लिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष मंजू सिंह, योगेश जैन, लक्की नंदा, जिला सह कोषाध्यक्ष नवीन अरोड़ा, जिला मंत्री विवेक मार्कण्डेय, अजय दुबे, अजय कंवर, सतीश झा, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, ज्योति वर्मा सहित मंडल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, डिलेन्द्र यादव, मनोज लहरे, अजय चन्द्रा, सूरज पांडेय, मनोज राठौर, प्रदीप सिंह, वैशाली रत्नपारखी, प्रकाश अग्रवाल, रामकुमार त्रिपाठी, नीरज ठाकुर, संजीव शर्मा सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के 100 वे वर्ष के अवसर पर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने हेतु उठाए गए विभिन्न कदमों पर प्रकाश डाला एवं आम जन मानस की भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए इसे एक अभियान का रूप देने पर बल दिया।



# इमरान हाशमी इस दिन से शुरू करेंगे 'हक' की लड़ाई

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म 'हक' के टीजर को साकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। अब ये फिल्म सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने लोगों की उत्सुकता को बढ़ाने के लिए फिल्म से इमरान और यामी का नया पोस्टर लुक जारी कर दिया है। सुपर्ण वर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज तारीख और ट्रेलर पर अपडेट भी जारी कर दिया गया है। आइए जानें कि ये फिल्म कब रिलीज होगी। फिल्म 'हक' के पोस्टर में यामी का किरदार अपनी गरिमा और अधिकारों के लिए लड़ती एक महिला को दर्शाता है।

लाइफ Style

# अनीत
## 'शक्ति शालिनी' में आएंगी नजर

'सैयारा' से रातों-रात मशहूर हुई अभिनेत्री अनीत पड्डा अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उन्हें मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म 'शक्ति शालिनी' में देखा जाएगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भले आधिकारिक तौर पर आगामी फिल्म से उनका पोस्टर जारी न हुआ हो, लेकिन फिल्म निर्माता अमर कौशिक ने खुद उनके नाम की पुष्टि कर दी है। उन्होंने यह भी बताया है कि 'शक्ति शालिनी' में अनीत की कास्टिंग कैसे फाइनल हुई। एक बातचीत में फिल्म निर्माता अमर से जब अनीत की कास्टिक के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जब हम स्क्रिप्ट लिख रहे थे, तब हमें लगा कि हमें एक युवा कलाकार की जरूरत है। उसी दौरान, हमने उनकी फिल्म सैयारा देखी और महसूस किया कि वह उस किरदार के लिए बिल्कुल सही हैं। उन्होंने कहानी सुनी और फिल्म में शामिल हो गईं। उन्होंने बताया कि 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू होगी। अमर से जब पूछा गया कि 'शक्ति शालिनी' का निर्देशन वह करेंगे या आदित्य सरपोतदार, जिन्होंने 'मुंज्या' और 'थामा' का निर्देशन भी किया था ? इस पर उन्होंने कहा, हम अभी भी बातचीत कर रहे हैं और अभी तक फैसला नहीं किया है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म को अगले साल 24 दिसंबर, 2026 को रिलीज किया जाएगा। फिलहाल आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'थामा' सिनेमाघरों में लोगों का मनोरंजन कर रही है।



## हॉलीवुड मसाला




# किम के दिमाग में हुई गंभीर बीमारी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन दिमाग की एक गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। 'द कार्दशियन्स' के सीजन 7 के प्रीमियर के दौरान उन्होंने इसके बारे में खुलासा किया है। अभिनेत्री ने बताया कि वह मस्तिष्क धमनी विस्फार (अनरप्चर्ड ब्रेन एन्यूरिज्म) से जूझ रही हैं। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें दिमाग में मौजूद रक्त वाहिकाओं का हिस्सा कमजोर हो जाता है और उसमें खून भर जाता है। किम ने कहा कि यह बीमारी उन्हें संभवतः उनके पूर्व पति कान्ये वेस्ट के साथ उनके रिश्ते के दौरान हुए तनाव से हुई है।



# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉड्र्स में रैपर बैड बनी का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉड्र्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉड्र्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं। उनके अलावा किस-किस को अवॉर्ड मिला और किस श्रेणी में मिला, चलिए जानते हैं। दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो' जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉड्र्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है।



# करोड़ों की मालकिन, कभी किया पीआर का काम


**मुंबई।** परिणीति चोपड़ा 22 अक्टूबर को 37 साल की हो गई हैं। उनका जन्मदिन और खास हो गया है, क्योंकि 19 अक्टूबर को अभिनेत्री ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। मां बनने के बाद परिणीति ने पहली बार इस खास दिन को अपने राजनेता पति राघव चड्ढा के साथ मनाया है। एक वक्त था जब अभिनेत्री पब्लिक रिलेशन्स (पीआर) का काम करती थीं, लेकिन अब वो सिनेमा की सफल अभिनेत्रियों में शामिल हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, परिणीति की कुल संपत्ति कथित तौर पर 74 करोड़ रुपये आंकी गई है। उनके पास मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान घर है, जिसकी कीमत 22 करोड़ रुपये है। उनके गैराज में 1.30 करोड़ की रेंज रोवर वोग, 69.27 लाख की ऑडी क्यू7 और 43.19 लाख की ऑडी क्यू4 मौजूद है।




# 'मस्ती-4' का दूसरा पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** कल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइज़ 'मस्ती' चार गुना अधिक मस्ती, पागलपन और हंसी के साथ एक बार फिर धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है। इसी कड़ी में वेवबैंड प्रोडक्शन ने मिलाप मिलन ज़वेरी द्वारा लिखित और निर्देशित 'मस्ती 4' का दूसरा पोस्टर जारी कर दिया है, जिससे बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा कॉमेडी फ्रेंचाइज़ के लिए दर्शकों में उत्साह भी चार गुना बढ़ गया है। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। वेवबैंड प्रोडक्शन और ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, मारुति इंटरनेशनल और बालाजी टेलीफिल्म्स के सहयोग से बनी 'मस्ती 4' के निर्माता हैं ए. झुनझुनवाला और शिखा करण अहलूवालिया (वेवबैंड प्रोडक्शन), इंद्र कुमार और अशोक ठाकेरिया, शोभा कपूर और एकता कपूर (बालाजी मोशन पिक्चर्स), और उमेश बंसल हैं।

## टीवी मसाला



# 'मैं हूं ना' के प्रोफेसर से लेकर इंद्रवदन साराभाई तक

**रुला गया सबको हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देने वाला एक किरदार**

मुंबई। एक्टर सतीश शाह का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। साराभाई वर्से सारा भाई शो घर-घर में राज करने वाले सतीश शाह ने शनिवार को इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। आइए उनके कुछ आइकॉनिक रोल पर एक नजर डालते हैं। सतीश, भारतीय सिनेमा और टेलीविजन के उन चुनिंदा कलाकारों में से एक थे, जिन्होंने अपनी कॉमिक टाइमिंग और बहुमुखी अभिनय से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उन्होंने चार दशकों से अधिक के अपने करियर में 250 से अधिक फिल्मों और कई हिट टीवी शोज में काम किया। यहां उनकी फिल्मों और टीवी शोज के कुछ सर्वश्रेष्ठ और यादगार किरदारों का जिक्र है।

***इंद्रवदन साराभाई*** : सतीश शाह में इंद्रवदन साराभाई के किरदार में थे, जिनका यह किरदार उनके करियर का सबसे आइकॉनिक और लोकप्रिय रोल माना जाता है। इंद्रवदन एक मज़ेदार, व्यंग्यात्मक और शरारती गुजराती पति और पिता हैं, जो अपनी बहू मोनिशा को लगातार ताना मारते हैं। रत्न पाठक शाह (माया साराभाई) के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने इस सिटकॉम को कल्ट क्लासिक बना दिया।

***कमिश्नर डी मेलो का किरदार*** : सन 1983 की इस व्यंग्य कॉमेडी फिल्म में सतीश शाह ने भ्रष्ट म्यूनिसिपल कमिश्नर डी'मेलो का किरदार निभाया था। उनका यह रोल हिंदी सिनेमा के सबसे बेहतरीन कॉमिक किरदारों में से एक माना जाता है। खासकर, क्लाइमैक्स में महाभारत के दृश्य में उनका अभिनय आज भी याद किया जाता है।

***दिल वाले दुल्हनियां ले जाएंगे में अजित सिंह का किरदार*** : दुल्हनियां ले जाएंगे इस कल्ट रोमांटिक फिल्म में सतीश शाह ने अजीत सिंह का किरदार निभाया था, जो शाहरुख खान (राज) के पिता का दोस्त होता है। अजीत का राज को यूरोप में गलत काम करने के लिए उकसाना और फिर अपनी बेटी को उसकी हरकतों से बचाना—फिल्म में एक हल्के-फुल्के हास्य का तड़का लगाता है।

### मैं हूं ना में प्रो. देसाई का रोल यादगार

फिल्म 'मैं हूं ना' में उन्होंने साइंस टीचर प्रोफेसर देसाई का रोल किया था, जो क्लास में बच्चों को थूक से चिपकाने की हरकतें करते थे। उनका मजाकिया अंदाज़ और अजीबोगरीब व्यवहार, विशेष रूप से शाहरुख खान के किरदार के साथ उनके सीन, दर्शकों को बहुत हंसाते हैं।

### कल हो न हो में बने करसन भाई पटेल

इस भावुक फिल्म में सतीश शाह ने करसन भाई पटेल का किरदार निभाया था. यह रोल न्यूयॉर्क में रहने वाले एक सनकी गुजराती अंकल का था, जो अपने सख्त नियमों और मजेदार संवादों के कारण यादगार बन गया। उनका किरदार फिल्म में कॉमेडी का अहम हिस्सा था।

# कुमार सानू का रोमांटिक गाना 'हाय मेरा दिल' रिलीज

**मुंबई।** भारतीय संगीत जगत के प्रसिद्ध गायकों में से एक कुमार सानू का नया रोमांटिक गाना "हाय मेरा दिल" रिलीज होते ही तेजी से वायरल हो रहा है। इस गाने में नब्बे के दशक के संगीत और वर्तमान रूहानी धुन का बेहतरीन सम्मिश्रण किया गया है, जिससे हर उम्र के श्रोता इसे पसंद कर रहे हैं। गाने के निर्माता संजय बेडीया गिरगांवकर ने इसे संजीव चतुर्वेदी के साथ मिलकर तैयार किया है और यह बेडीया फिल्म म्यूजिक के बैनर तले रिलीज हुआ है।



***कुमार सानू के साथ इनकी आवाज*** : इस रोमांटिक गाने में कुमार सानू की आवाज ने जादू बिखेर दिया है। उनकी मधुर और भावपूर्ण गायिकी ने गाने को खास पहचान दी है। साथ ही महिमा गुप्ता और विश्वास सराफ की आवाज ने गाने में नयापन और ऊर्जा का संचार किया है। संगीत संयोजन और संगीत प्रबंधन का काम सारिका चतुर्वेदी ने कुशलतापूर्वक किया है, जिसने गाने को पूरी तरह जीवंत बना दिया है।

***वीडियो का जिम्मा मुनीश कल्याण ने संभाला*** : गाने के वीडियो निर्देशन का जिम्मा मुनीश कल्याण ने संभाला है। उन्होंने रोमांटिक सीन और भावनात्मक भावों को कैमरे में खूबसूरती से कैद किया है। इसके अलावा, कोरियोग्राफर अनुप राय ने गाने में डांस और मूवमेंट को अत्यंत आकर्षक बनाया है। "हाय मेरा दिल" का संगीत और वीडियो दोनों ही सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं। यह आगामी हिट गानों में अपना नाम दर्ज कर चुका है।

# 'मुन्ना भाई 3' का इंतजार होने वाला है खत्म

**मुंबई।** संजय दत्त और अरशद वारसी के करियर की बेहतरीन फिल्मों का जिक्र होता है तो 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का नाम शामिल जरूर होता है। इस फिल्म ने जहां संजू बाबा बो मुन्ना भाई नाम से मशहूर कर दिया, वहीं अरशद का नाम सर्किट पड़ गया। पिछले काफी समय से दर्शक 'मुन्ना भाई' सीरीज की तीसरी किस्त यानी 'मुन्ना भाई 3' का इंतजार कर रहे हैं। अब अरशद ने इस पर बात कर कुछ खुलासे किए हैं।

***अरशद ने बांधे संजय की तारीफों के पुल*** : अरशद ने संजय दत्त संग काम करने का अनुभव साझा करते हुए कहा, संजू कमाल के एक्टर हैं। उनमें एक अलग ही किस्म का टैलेंट हैं। उनके साथ रहना अपने आप में बहुत मजेदार था।



मुझे खुद स्क्रिप्ट याद रखने में बड़ी दिक्कत होती है, लेकिन संजू की वजह से मुझे पूरी फिल्म की कहानी याद रखनी पड़ती थी, क्योंकि हर दिन वो सेट पर आकर पूछते थे, भाई, आज हम कौन-सा सीन कर रहे हैं?

***'मुन्ना भाई 3' पर काम कर रहे हिरानी :*** *अरशद बोले, मैं संजू को बताता था कि कल हमने ये सीन किए, आज ये सीन करने हैं। वो कहते थे क्या यार, लेकिन ये अनुभव बड़ा शानदार था और पर्दे पर जो हुआ, वो जादू जैसा था। अरशद से हर बार की तरह 'मुन्ना भाई 3' पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, पहले ये नहीं बन रहा था, लेकिन अब राजकुमार हिरानी तीसरे भाग पर काम कर रहे हैं। वो सचमुच इस पर बहुत मेहनत कर रहे हैं।*

***हिरानी भी लगा चुके तीसरी किस्त पर मोहर :*** *अरशद बोले, मुझे लग रहा है कि अब तो ये फिल्म बननी चाहिए। पिछले साल हिरानी ने भी कहा था कि उनके पास एक खास आइडिया है और वो तीसरे भाग पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उधर साल 2023 में अरशद ने ये कहते हुए प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया था कि 'मुन्ना भाई 3' अब शायद कभी ना बने, क्योंकि हिरानी तब ही फिल्म शुरू करेंगे, जब उन्हें स्क्रिप्ट (कहानी) पर 200 प्रतिशत यकीन होगा। इसका दूसरा भाग 'लगे रहो मुन्ना भाई' साल 2006 में रिलीज हुआ था।*

**उनकी आवाज के जादू ने बिहार के सैकड़ों कलाकारों को किया प्रेरित**

# नहीं रहीं भोजपुरी की 'बिजली रानी', दोनों किडनी हो गई थीं फेल

### कौन थीं बिजली रानी?

बिजली रानी का जन्म रोहतास जिले के नटवर गांव में हुआ था। 80 और 90 के दशक में वो भोजपुरी रंगमंच की पहचान बन चुकी थीं। भोजपुर और शाहाबाद क्षेत्र में उनके डांस और गायिकी के कद्रदानों की लंबी फौज थी। बिजली रानी को थियेटर की शान कहा जाता था। उस दौर में कोई शादी-ब्याह, मेले या स्टेज शो को तब तक पूरा नहीं माना जाता था, जब तक कि वहां बिजली रानी का ठुमका ना पड़ जाए।

### सिर्फ बड़े घराने ही करा पाते थे बुकिंग

उनके साटे यानी शो के रेट इतने ऊंचे थे कि सिर्फ बड़े घराने के लोग ही बुक कर पाते थे। बिजली रानी जहां भी जाती थीं स्टेज पर बिजली गिरा देती थीं। कई भोजपुरी फिल्मों और एलबम में काम किया। उनकी आवाज और उनकी हर अदा पर दर्शक झूम उठते थे। उनकी आवाज के जादू ने बिहार के सैकड़ों कलाकारों को प्रेरित किया।

*__मुंबई।__ एक मशहूर नाम बिजली रानी। भोजपुरी का वो सितारा जिसके मंच पर आने मात्र से पूरा मैदान थिरकने लगता था। उनके साटे (शो) में तिल रखने की जगह नहीं होती थी। आवाज में खनक और नृत्य में लचक की मालकिन'बिजली रानी' अब इस दुनिया में नहीं रहीं। वह शुक्रवार 24 अक्टूबर को 70 साल की उम्र में देवलोक के लिए रवाना हो गईं। उनका देहांत रोहतास जिले के नटवर गांव में उनके पैतृक आवास पर हुआ। बिजली रानी काफी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनकी दोनों किडनी फेल हो चुकी थी। बिजली रानी की मौत की खबर सामने आते ही भोजपुरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।*



### दोनों किडनी हो गई थी फेल

बिजली रानी की दोनों किडनी फेल हो गई थी। परिवार के लोग अस्पताल के चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो उठे। बीमारी की वजह से घर की आर्थिक स्थिति भी डंवाडोल हो गई। जब कहीं से मदद नहीं मिली तो बिजली रानी की बेटी ने स्थानीय मीडिया से मदद की गुहार लगाई।

### पवन सिंह ने की मदद

जब ये खबर भोजपुरी के पावर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह ने सुनी तो उन्होंने आगे आकर बिजली रानी की मदद की। पवन सिंह ने बिजली रानी का लखनऊ में दो महीने तक इलाज कराया। पवन सिंह बिजली रानी को चाची कहते थे। पवन सिंह के साथ बिजली रानी की तस्वीर भी सामने आ थी जिसमें वे उनके साथ बैठे दिखाई दिये।

## खबर संक्षेप

### शिवरीनारायण में भव्य अखंड नवधा रामायण आज से प्रारंभ, उमड रहे श्रद्धालु



**शिवरीनारायण।** नगर के कृषि उपज मंडी में अखंड नवधा रामायण की शुरुआत 25 अक्टूबर से कलश यात्रा के साथ हुई है। नगर में यह आयोजन होने से नगर वासियों में हर्ष व्याप्त है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से नगर का वातावरण बहुत ही पवित्र महसूस होता है। पूरे नगर वासी इसके लिए काफी समय से तैयारी में लगे थे। आचार्य आशुतोष द्विवेदी द्वारा पूजन पश्चात अखंड नवधा रामायण की शुरुआत की गई।

### कुकदा में अखंड नवधा रामायण यज्ञ का आयोजन आज से

**गोधना।** गोधना। आदर्श ग्राम कुकदा में 27 अक्टूबर से 6 नवंबर तक श्री अखंड नवधा रामायण यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ होगा जिसमें गांव की माताएं और बहनें भाग लेंगी। वहीं कलश यात्रा के बाद व्यास आचार्य द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कर रामायण गायन का शुभारंभ होगा। वही 5 नवंबर को रात्रि कालीन 8:00 बजे से मानस गायन फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 11001, द्वितीय पुरस्कार 9001,तृतीय पुरस्कार 7001, चतुर्थ पुरस्कार 5001, पंचम पुरस्कार 3001, षष्ठम पुरस्कार 2501, अष्टम पुरस्कार 2001, नवम पुरस्कार 1201 एवं दशम पुरस्कार 1001 रुपए विजेता प्रतिभागी टीमों को प्रदान किया जाएगा।

### श्रद्धा भक्ति और धूमधाम से किया गया माता लक्ष्मी पूजा



**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा के दाऊ मोहल्ला में महालक्ष्मी पूजन उत्सव समिति के तत्वाधान में लक्ष्मी माता की पूजा अर्चना आचार्य पंडित गुलाबचंद तिवारी और विकास तिवारी आदि के द्वारा सुबह शाम संपन्न कराया गया। पांच दिवसीय महालक्ष्मी पूजन उत्सव में जसगीत गायन, रंगोली प्रतियोगिता,किर्तन भजन किया गया। वहीं यज्ञ हवन पूर्णाहुति के साथ नव कन्या पूजन, ब्राह्मण भोज, सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान के रूप में तीजराम कश्यप सपत्नीक और सुरेंद्र कश्यप सपत्नीक शामिल हुए। अंतिम दिन बाजे गाजे के साथ के साथ में ग्राम भ्रमण करते हुए समतला तालाब में विसर्जन किया गया। आयोजन को लेकर देवचंद यादव, जीवनचंद यादव, निलांबर सिंह, खम्हन सार्वा, पुनीराम कश्यप, राजकमल कर्ष, नंदकुमार कश्यप, राजेश कुमार, राजू कश्यप, रामकृष्ण कश्यप, तिलकराम कश्यप, फेंकूराम, मनहरणलाल कर्ष, छोटेलाल, संतोष कुमार कैवर्त्य, राजू कर्ष, उमाशंकर कर्ष, संदीप साहू, संतोष सोनी, अजय कुमार, बिट्टू, लालू ,संतोष साहू, राजेन्द्र कश्यप, मोहनलाल कश्यप ,मनोज कुमार कश्यप, कुलदीप कश्यप, भोलाराम साहू, संजय अग्रवाल, परसराम आदि महालक्ष्मी पूजन उत्सव समिति दाऊ मुहल्ला बिर्रा के मुहल्लेवासी और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शिवसेना निकालेगी 11 को हिंदू राष्ट्र मोर्चा यात्रा, पदाधिकारी होंगे शामिल



**अकलतरा।** शिवसेना के जिला पदाधिकारीयों की बैठक अकलतरा रेस्ट हाउस संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए शिवसेना जिला अध्यक्ष दिलेश्वर विश्वकर्मा ने बताया कि 11 नवंबर को दंतेवाड़ा से लेकर रायपुर तक चार दिवसीय हिंदू राष्ट्र मोर्चा शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में निकाली जाएगी। हिंदू राष्ट्र मोर्चा में छत्तीसगढ़ प्रदेश के तमाम जिला से हजारों की संख्या में शिव सैनिक इस यात्रा में सम्मिलित होंगे। बैठक के दौरान दिलेश्वर विश्वकर्मा कद्वारा जांजगीर नगर अध्यक्ष एवं चांपा नगर अध्यक्ष को समस्त वार्ड में जल्द से जल्द गठन करने का निर्देश दिया गया।

### खोरसी में श्रीराम संकीर्तन का हो रहा आयोजन, पहुंच रहे श्रद्धालु

**अकलतरा।** जनपद पंचायत पामगढ़ के अंतर्गत आने वाले आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी में आयोजित श्रीराम नाम संकीर्तन जो 23 से 30 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें आस पास के साधु संतों एवं साध्वीयों द्वारा अनवरत रूप से श्रीराम नाम संकीर्तन का गायन के माध्यम से किया जा रहा है जो पुराने से पुराने फिल्मी गीतों के तर्ज पर आधारित है। 23 से प्रारंभ होकर 30 अक्टूबर तक श्रीराम नाम संकीर्तन रुपी अमृत रुपी गंगा प्रवाहित होगी। कार्यक्रम के प्रथम दिवस गोपाल दास मारुति धाम देवघाट द्वारा उपस्थित भक्त जनों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम का नाम लेने और सुनने मात्र से प्राणी एवं मानव भवरुपी सागर से पार उतर जाता है और मोक्ष की ओर अग्रसर हो जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्रीराम नाम संकीर्तन समिति के सभी सदस्यों द्वारा अपने कर्त्तव्यों का पालन किया जा रहा है। श्रीराम नाम संकीर्तन का श्रवण लाभ लेने के लिए ग्रामवासियों सहित आसपास से श्रद्धालु भक्त जन आ रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा भोजन प्रसाद की भी व्यवस्था किया गया है।

लोक आस्था का छठ महापर्व को लेकर लोगों में दिख रहा विशेष उत्साह

# दूसरे दिन हुई खरना पूजा, डूबते सूरज को आज देंगे पहला अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोक आस्था का महा पर्व छठपूजा शनिवार 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हुआ। पहले दिन व्रतियों ने सुबह के समय स्नान कर चावल, दाल और लौकी की सब्जी का सेवन किया। वहीं दूसरे दिन रविवार 26 अक्टूबर को खरना पूजा हुई। सोमवार 27 अक्टूबर को डूबते सूरज को पहला अर्घ्य दिया जाएगा।

गौरतलब है कि सूर्य को समर्पित छठ पूजा का त्योहार बेहद स्वच्छता, नियमऔर विधि-विधान के साथमनाया जाता है। ये पूजा पुरुष और खी दोनों समान रूप से करते है। चार दिनों की छठ पूजाका त्योहार दीपावली के बाद शुरुहोता है। छठ पूजा की शुरुआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से होती है और सप्तमी को अरुण वेला में इस व्रत का समापन होता है। शनिवार 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के साथ व्रत प्रारंभ हुआ। पहले दिन व्रतियों ने चावल, दाल और लौकी का आहार ग्रहण किया। दूसरे दिन रविवार 26 अक्टूबर को खरना पूजा किया गया। इस दिन सायं काल छठ घाट हसदेव नदी छठ घाट चांपा के समय पूरी आत्मशुद्धता गुड़-दूध की खीर और पूड़ी बनाकर छठ माता को भोग लगाया गया। तीसरे दिन सोमवार 27 अक्टूबर को उपवास रखकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। साथ में विशेष प्रकार का पकवान ठेकुवा और मौसमी फल चढाएं जाएंगे। अर्घ्य दूध और जल से दिया जाता है। पर्व के चौथे एवं अंतिम दिन मंगलवार 28 अक्टूबर को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इधर पर्व को लेकर छठ घाटों की साफ-सफाई के साथ आकर्षक लाइट से सजाया गया है। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद ही छठ व्रत का मुख्य चरण प्रारंभ होता है। व्रती महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखकर नदी, तालाब या किसी स्वच्छ जलाशय में सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती हैं। इस दौरान घाटों पर छठ मइया के गीत गूंजते हैं और श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ता है। व्रती महिलाएं और परिवारजन उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर अपने परिवार के सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और आरोग्यता की कामना करते हैं। यह पर्व बिहारी समाज का प्रमुख त्यौहार माना जाता है, जो अब देश के कई हिस्सों में श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया जाता है। छठ पूजा की सबसे विशेष बात यह है कि इसमें अद्भुत शुद्धता और अनुशासन का पालन किया जाता है। व्रती महिलाएं चार दिनों तक पूर्ण संयम और पवित्रता के साथ व्रत रखती हैं।



खरना की तैयारी करती महिलाएं।

### सूर्य आराधना का पर्व है छठ पूजा

**चांपा।** सूर्य उपासना के पर्व को देखते हुए भोजपूरी समाज ने चांपा स्थित हसदेव नदी पर तैयारी पूरी कर ली है। भोजपूरी समाज के सत्येन्द्र सिंह के द्वारा शुक्रवार को चाम्पा स्थित हसदेव नदी तट पर बनाऐ गए छठ घाट का निरीक्षण किया गया। साथ ही तैयारियो को लेकर समाज से जुडे लोगों से चर्चा भी की गई। धार्मिक मान्यता के अनुसार छठ मैया ब्रह्मा की मानस पुत्री है। वही सूर्य देव की बहन है छठ मैया को संतान की रक्षा करने वाली और संतान सुख देने वाली देवी के रूप में शास्त्रों में बताया गया है, जबकि सूर्य देव संपन्नता के देवता है। इसलिए छठ पूजा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन चांपा जांजगीर सहित अन्य क्षेत्रों में निवासरत भोजपुरी समाज के लोगों के द्वारा सूर्य देवता की पूजा अर्चना विधि विधान से की जाती है। छठ पूजा का समापन मंगलवार 28 अक्टूबर को होगा। तीसरे दिन सोमवार 27 अक्टूबर को उपवास रखकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। विशेष प्रकार का पकवान ठेकुवा और मौसमी फल चढाएं जाएंगे। अर्घ्य दूध और जल से दिया जाता है। पर्व के चौथे एवं अंतिम दिन 28 अक्टूबर को उगते हुए सूरज को अर्घ्य दिया जाएगा।

## ब्लाक स्तरीय किसान मेला में छग की भाजियों का लगा स्टाल



स्टाल के दौरान शामिल हुई महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर प्रदेश के क़ृषि प्रधान जिले के जैविक क़ृषि ब्लॉक बलौदा में क़ृषि क्षेत्र के वैज्ञानिक सोंच को प्रोत्साहित करने और आधुनिक तकनीकों के प्रसार के लिए क़ृषि विभाग परिसर में ब्लॉक स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया।

जिले के जैविक क़ृषि ग्राम बहेराडीह में स्थापित देश का पहला किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, रामाधार देवांगन और उनके टीम द्वारा छत्तीसगढ़ की 36 प्रमुख भाजियो तथा देशी बीजो एवं जैविक खाद व अन्य उत्पादों का जीवंत प्रदर्शनीय स्टॉल लगाकर प्रस्तुत किया। इस अवसर में किसान स्कूल के टीम ने ब्लॉक स्तरीय किसान मेले में शामिल किसानों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियो को 10 दिसंबर को किसान स्कूल परिसर में आयोजित होने वालों राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस मौके पर क़ृषि सखी और पशु सखी दीदियों ने स्टॉल में उद्यान विभाग के अधिकारी प्रियंका सेंगर के साथ खुमरी पहनकर अपनी सेल्फी भी लीं। ब्लॉक स्तरीय क़ृषि मेला को सफल बनाने में चारपारा कलस्टर के पशु सखी दुर्गा अनंत, क़ृषि सखी काजल डहरिया डोंगरी समेत धनेश्वरी भारद्वाज, मनीषा तिवारी कोरबी, लक्ष्मीन बरेठ, सुन्दर बाई कंवर बछोद, कविता यादव, माहेश्वरी यादव जूनाडीह, अनुपा बैनर्जी, अनू बैनर्जी हरदी विशाल, पहरिया कलस्टर से देवकुमारी खूंटे, रामबाई साहू पहरिया, लक्ष्मीन यादव, बचन बाई केवट बोकरामुड़ा, उषा यादव, कला बाई यादव पूरेना, अनुपा बर्मन, सविता कश्यप परसदा, संतोषी केवट, ममता कुम्भकार, दुरपति केंवटट, त्रिवेणी पटेल सहित सखी दीदीयों का योगदान रहा।

## जीवन का सार है रामचरितमानस : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम तुलसी की धरती एक बार फिर भक्ति और रामनाम के स्वर से गुंजायमान हो उठी है ,यहां ग्राम के प्रथम सरपंच एवं मानस मर्मज्ञ पंडित सुशील शुक्ला की स्मृति में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ हुआ। बड़ी संख्या में ग्रामवासी महिलाएं सिर पर कलश रखकर भजन-कीर्तन करते हुए निकलीं।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नवधा रामायण का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए भगवान श्रीराम और रामायण की महत्ता पर प्रकाश डाला। पंडित शर्मा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने 76 वर्ष की आयु में रामचरितमानस की रचना कर मानव जीवन के कर्तव्यों, धर्म और आदर्शों को सरल रूप में बताया। रामचरितमानस केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन का सार है।"उन्होंने पंडित सुशील शुक्ला की स्मृति में आयोजित इस अखंड नवधा रामायण की सराहना करते हुए आयोजन समिति को भक्ति और संस्कृति की इस सुंदर परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए साधुवाद दिया। इस मौके पर आचार्य पंडित चंद्रकांत पांडेय, आशुतोष शुक्ला, आशीष शुक्ला, देवेंद्र शुक्ला, देवराज कश्यप सूरज नागेश, छहुरा यादव, लक्ष्मी कश्यप, श्याम लाल कश्यप, लके श विश्वकर्मा, लखन साहू, रामचरण नागेश, प्रहलाद कश्यप,जगदीश निर्मलकर, राजाराम साहू,महादेव कश्यप, जागेश्वर कश्यप सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पं. रविशंकर शुक्ल विवि से दीपक को मिली पीएचडी की उपाधि

**जांजगीर-चांपा।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा कला संकाय अंतर्गत हिन्दी में ज्ञान चतुर्वेदी के साहित्य में निहित व्यंग्य का अनुशीलन विषय पर शोध छात्र दीपक कुमार पुत्र श्रीमती राधा देवी रामशरण राठौर ग्राम पंचायत खैजा को पीएचडी की उपाधि मिली। उन्होंने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ गौकरण प्रसाद जायसवालए सहायक प्राध्यापक हिन्दी शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी जिला धमतरी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। श्रीमती नम्रता राठौर, अधीप राठौर ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दीपक कुमार को कला संकाय हिन्दी में पीएचडी उपाधि मिलने से उनके परिजनों व मित्रों ने हर्ष जताया है।



## ग्राम जर्वे में सीसी रोड का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

विधायक ब्यास कश्यप ने बलौदा विकासखंड के ग्राम जर्वे(च) में 10 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सी.सी.रोड का भूमि पूजन किया। इस सी.सी.रोड निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति विधायक निधि से प्रदान की गई है।

इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम का विकास हमारी प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन होने के इतने वर्षो बाद भी आज राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव हैं। सड़क, बिजली, पानी शिक्षा एवं स्वास्थ्य इन पांच क्षेत्रों में कार्य करने की विशेष आवश्यकता है। पक्की सड़क के निर्माण हो जाने से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि जांजगीर से जर्वे होकर पिथमपुर को जोड़ने वाली सड़क का भी शीघ्र निर्माण कराया जाएगा। रोड की मरम्मत के लिए विगत दिनों कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया है। उपस्थित जनों को ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि कमल कश्यप ने भी संबोधित किया तथा विधायक ब्यास कश्यप के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जर्वे(च) के सरपंच श्रीमती उत्तरा बाई कश्यप, उप सरपंच योगेश कश्यप, सचिव द्वारिका यादव, पंच संतोषी बाई सूर्यवंशी, पूर्णिमा बाई साहू, सरोज बाई, रामकुमारी कश्यप, राजकुमारी कश्यप, महेश कश्यप, ईश्वरी सिदार, सुनीता कश्यप, संजय कुमार यादव, भीष्म गिरी गोस्वामी, बद्रिका बाई कश्यप, चंद्रशेखर कश्यप, रविकला कश्यप, शांति बाई कश्यप, सुशीला बाई कश्यप, राजकुमार कश्यप, ब्यासनारायण टंडन, शालिनी महंत, चेतन साव सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। सी.सी.रोड निर्माण के लिए ग्रामीणजनों ने हर्ष प्रकट करते हुए विधायक ब्यास कश्यप के प्रति आभार प्रकट किया है।



भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल विधायक तथा अन्य

## बिर्रा थाना में मनाया गया दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

पुलिस थाना बिर्रा के प्रांगण में दीपावली मिलन समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि आपसी सहयोग एवं भाईचारा के साथ दीपावली का त्यौहार मनाना चाहिए।

ज्ञात हो कि थाना प्रभारी निरीक्षक जय कुमार साहू के नेतृत्व में दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। इस मौके पर थाना प्रभारी एवं निरीक्षक जय कुमार साहू ने कहा कि यह हमारे देश का सबसे बड़ा दीपावली त्यौहार है। इसमें हम सभी को आपस में सौहार्द एवं भाईचारा और सहयोग की भावना के साथ दीपावली का यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। उप निरीक्षक मुकेश कुमार पांडेय और प्रधान आरक्षक अनिल कुमार अजगल्ले के अलावा पूरा थाना स्टाफ का सहयोग रहा है। इस दौरान चित्र भानु पांडेय, सरोज यादव, संजू साहू, राजीव लोचन साहू, डी एन देवांगन, राघवेंद्र पांडेय, सुरेश कर्ष, जितेन्द्र तिवारी, दुर्गा प्रसाद डनसेना, हेमंत जायसवाल, जीवन लाल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



दीपावली मिलन समारोह में शामिल पुलिसकर्मी।

## ग्रामीणों को सड़क दुर्घटना से बचने बताए गए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम और यातायात नियमों के पालन के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से बम्हनीडीह थाना परिसर में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह ने की, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग, तेज गति और मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने के खतरों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की मदद करते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ितों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्तियों को पुलिस द्वारा प्रोत्साहित करते हुए 25000 रुपए का नगद इनाम सहित प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित की बात कही गई। थाना प्रभारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा सिर्फ प्रशासन की नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस मौके पर पुलिस विभाग द्वारा ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट और बैनर भी वितरित किए गए। बैठक में प्रमुख रूप से थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह,आरक्षकगण, ग्राम सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे।



विजेता को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

जैजैपुर अंतर्गत ग्राम जमड़ी में काली पूजा उत्सव और जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन

# जमड़ी की काली पूजा जसगीत प्रतियोगिता में बोरसी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमडी (मल्दा) में नव युवक काली पूजा उत्सव समिति के तत्वाधान में काली पूजा उत्सव और जस गीत प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। व्यास आचार्य पंडित रामकुमार दुबे मल्दा वाले हैं।

इस संबंध में सौरभ शुक्ला ने बताया कि काली पूजा उत्सव का समापन , हवन एवं मूर्ति विसर्जन 22 अक्टूबर को जस गीत प्रतियोगिता के साथ किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 21001, द्वितीय पुरस्कार 15001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 10001, चतुर्थ पुरस्कार 5001, पंचम पुरुस्कार 3001, षष्ठ पुरुस्कार 2501 सप्तम पुरुस्कार 1001 रुपए दिया गया। माता सेवा जसगीत का फाइनल प्रतियोगिता 22 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से प्रारंभ हुआ। मूर्तिदाता रविशंकर कश्यप, बद्री कश्यप जमडी के द्वारा दिया गया है। मुख्य यजमान दरस लाल सिदार श्री मति कौशल्या सिदार हैं। जस गीत प्रतियोगिता में जय गौटीन दाई जस गीत पार्टी बोरसी को प्रथम पुरस्कार 21001 रुपए देकर सम्मानित किया गया है। इसी तरह दूसरा पुरस्कार जय मां समलाई दाई जस गीत पार्टी देवरहा को 15 हजार रुपए प्रदान किया गया है। तीसरा पुरस्कार जय मां शारदा जस गीत पार्टी गतवा को 10 हजार रुपए प्रदान किया गया। चौथा पुरस्कार जय मां डोकरी दाई जस गीत पार्टी घिवरा को 5 हजार रुपए प्रदान किया गया। पांचवा पुरस्कार जय मां मड़वा रानी कपिस्दा को 3000 रुपए दिया गया। छठवा पुरस्कार जय मां कंकाली दाई जस गीत पार्टी मल्दा को 2500 रुपए दिया गया। सातवां पुरस्कार जय मां सीदारिन बनडभरा को 1000 रुपए देकर सम्मानित किया गया। पूजा के फूल जस गीत पार्टी राज सेवइयां महासमुंद और जय माता रानी जस गीत पार्टी जोड़ा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मंच संचालक प्रीतम लाल कश्यप, सम्में लाल कश्यप, जीत राम कश्यप,रूपेश साहू थे।



विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

